| QP Code: D 123635 | Total Pages: 2 | Name: |
|---|---|---|
| | | Register No. |

## SECOND SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION, APRIL 2025

**HINDI**

**HIN2FA104(3)**
**(SANCHAR KAUSHAL VIKAS – BHAG II) COMMUNICATION SKILLS ENHANCEMENT- PART II**

**2024 Admission onwards**

| Maximum Time :1.5 Hours | Maximum Marks :50 |
|---|---|

### (खंड क)

(सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए| प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है | अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं| )

| | |
|---|---|
| 1 | ‘मैं चाहती हूँ’ कविता के रचनाकार कौन है? इसमें रचनाकार किसकी ज़ुबान बनना चाहता है? |
| 2 | ‘फिसल रही चाँदनी’ कविता में चाँदनी किसका प्रतीक है? |
| 3 | ‘वह तोड़ती पत्थर’ कविता में पत्थर तोड़नेवाली स्त्री का परिचय कवि ने किस तरह दिया है? |
| 4 | ‘आखिरी शर्त’ कहानी के माध्यम से लेखिका क्या संदेश देना चाहती है? |
| 5 | हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचना’ सुधार’ का मुख्य विषय क्या है? |
| 6 | ‘मवाली’ कहानी के मुख्य पात्र का परिचय दे? |
| 7 | ‘हिसाब-किताब’ किस विधा की रचना है और इसका प्रतिपाद्य क्या है? |
| 8 | पूर्ण भूतकाल से संबंधित दो वाक्य लिखें| |
| 9 | अंग्रेज़ी में अनुवाद करें – मैं बस पाँच मिनट पहले ही गाड़ी चलाकर घर वापस पहुँचा था| |
| 10 | समानार्थी तकनीकी शब्द लिखे\| ( हिन्दी/ अंग्रेज़ी)<br>1. Managing Director<br>2. बीमा |

### (खंड ख )

(सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए प्रत्येक प्रश्न का **6** अंक है | अधिकतम **24** अंक मिल सकते हैं| )

| | |
|---|---|
| 11 | ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गयी है? इन पंक्तियों का सप्रसंग व्याख्या कीजिए|<br>“बचपन से ही मिली थी नसीहत<br>लड़कियाँ चपर चपर नहीं करतीं<br>औरतों की ज़बान बोलने और स्वाद लेने के लिये नहीं होती<br>औरतों की ज़बान हामी भरने तक महदूद रही<br>कभी जो उसने कोशिश की बोलने की<br>तो ज़बान खींच लेने की धमकी मिली<br>इस तरह औरतों ने सील ली अपनी ज़बान|” |
| 12 | हरिशंकर परसाई की कहानी ‘सुधार” समाज व्यवस्था पर व्यंग्य करती है- स्थापित करे| |
| 13 | प्रस्तुत परिच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी से हिन्दी में करें|<br><br>Science is divine gift to men. It has enabled man to understand men and things. It has given him the faculty of reasoning. It has saved man from superstitions. It has given him a clear vision. It has taught him as how to take the five elements under his control. He has gradually improved his abilities and now is able to control nature. |

| | |
|---|---|
| | (science- विज्ञान, faculty of reasoning – युक्ति चिन्तन की शक्ति superstitions- अंधविश्वास, five elements- पंचतत्व, gradually- धीरे-धीरे) |
| 14 | समानार्थी तकनीकी शब्द लिखें \|(हिन्दी/अंग्रेज़ी)<br>1. Accountant 2. Marketing 3. Policy<br>4. मुख्य सचिव 5. लाभार्थी 6. खाता |
| 15 | प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर संक्षेपण तैयार करें\|<br>पचास गज दूर से समुद्र की उमड़ती लहरों का शब्द सुनाई दे रहा था\| वह कुछ देर लहरों को किनारे की तरफ आते, और एक फेनिल लकीर छोड़कर वापस जाते देखता रहा\| हर लहर के बाद दूसरी लहर और आगे तक बढ़ आती थी\| पच्छिमी क्षितिज के पास बादलों के दो लंबे सुरमई टुकड़े, समुद्र से निकले बड़े - बड़े मगरमच्छों की तरह, एक - दूसरे से उलझे हुए थे\| लड़का उन मगरमच्छों को एक- दूसरे में विलीन होते दोखता रहा\|फिर वह बैठकर रेत में से सीपियाँ बटोरने लगा\| केकड़े और उसी तरह के दूसरे जन्तु उछलते हुए समुद्र की तरफ से आते थे और पास से निकल जाते\|लड़का टूटी हुई सीपियों को दूर फेंक देता और साबुत सीपियों में से जो उसे खूबसूरत लगतीं उन्हें कमीज़ से साफ़ करके जेब में डाल लेता\| अँधेरा धीरे – धीरे गहरा हो रहा था, इसलिए सीपियाँ ढ़ँढ़ना कठिन हो रहा था \| लड़का एक बड़ी - सी सुंदर सीपी को, जो एक ओर से टूटी हुई थी, हाथ में लेकर अनिश्चित दृष्टि से देखता रहा कि उसे जेब में रख लेना चाहिए या नहीं? पर उसकी आँख ने टूटी हुई सीपी को स्वीकार नहीं किया\| उसने उसे वहीं रेत में रख दिया और उठ खड़ा हुआ\| उसकी आँखें कई पल गरजती हुई लहरों पर टिकी रहीं, फिर उधर को मुड़ गयीं जिधर चौराहे की बत्ती का रंग लाल से पीला और पीले से हरा होरहा था, और लाल रंग की बसें घरघराती हुई एक- दूसरी के पीछे दौड़ रही थीं\| |
| | **(खंड ग)** |
| | निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए**\|** प्रत्येक प्रश्न का **10** अंक है **\|** |
| 16 | ‘आखिरी शर्त’ कहानी की समीक्षा कीजिए \| |
| 17 | (क) प्रस्तुत परिच्छेद का अनुवाद हिन्दी से अंग्रेज़ी में करें\|<br><br>वर्तमान युग ने वैज्ञानिक क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन उपस्थित किया है\| विज्ञान की यह प्रगति जहाँ एक ओर विश्व को शांति और सुख प्रदान करने की क्षमता रखती है वहाँ दूसरी ओरसारे विश्व को विनाश की ओर भी ले जा सकती है\| अणुशक्ति से मनुष्य का सर्वनाश भी हो सकता है \|वैज्ञानिक उन्नति के साथ ही साथ सहयोग और सह-अस्तित्व का महत्व भी मनुष्य अगर समझ ले तो उस उन्नति के कड़ूए फल विश्व को भोगने नहीं पडेंगे\| आजकल हम देखते हैं कि विश्व के शक्तिशाली देश छोटे छोटे राज्यों को दबाकर रखना चाहते हैं\| यह प्रवृत्ति अगरल बढती जाय तो अधिलिवेशवाद पुन संसार पर अपना प्रभाव डालेगा \|<br>(क्षमता – capable, अधिनिवेशवाद- colonialism, सह अस्तित्व- co- existence, वैज्ञानिक- scientific, कड़ुआ- bitter, अणुशक्ति – atomic power)<br><br>(ख) प्रस्तुत परिच्छेद का अनुवाद अंग्रेज़ी से हिन्दी में करें\|<br><br>Travelling is an essential part of education. Through books we read we get only theoretical knowledge, but practical knowledge is obtained only by travelling. We come to know of different people with different manners and customs. We can see their mode of living and dress. We can hear their different languages. Travelling develops our knowledge and outlook. We can improve ourselves by adopting the good methods followed by various nations. It really helps the advancement of civilization. All people cannot undertake journey, but they can learn about the unknown places from books written by travellers. If the travellers had not described their journeys and given the account of new places they visited, we would not have known such useful information.<br>(Theoretical- सैद्धांतिक, practical- व्यावहारिक, manners and customs -आचार- विचार outlook- दृष्टिकोण, advancement- उन्नति, civilization-संस्कृति, give an account of- विवरण देना) |

608280